**कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अल्पसंख्यक मामलात विभाग, उदयपुर**
**(कमरा नं. 401 व 408 नई बिल्डिंग, तृतीय तल कलेक्ट्रेट परिसर, उदयपुर)**
ई-मेल–udpr.mino@gmail.com फोन नम्बर:–0294–2411424

क्रमांक:–जि.अ.स.मा.वि. / छात्रावास / प्रकाशन / 2025–26 / 835 दिनांक:– 08/07/

01. श्रीमान् कुलसचिव महोदय, मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर
02. श्रीमान् क्षेत्रीय सहायक निदेशक महोदय, कॉलेज शिक्षा, उदयपुर
03. श्रीमान् अधिष्ठाता / प्रभारी अधिकारी, समस्त सरकारी / निजी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय / कॉलेज, जिला उदयपुर
04. श्रीमान् मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी, उदयपुर
05. श्रीमान् जिला शिक्षा अधिकारी (माध्यमिक), उदयपुर

विषय–राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, सविना उदयपुर में सत्र 2025–26 में बालिकाओं के प्रवेश हेतु प्रचार–प्रसार के संबंध में।

प्रसंग–श्रीमान निदेशक महोदय, निदेशालय अल्पसंख्यक मामलात विभाग राज0 जयपुर का राज काज रेफरेंस नम्बर– 16131757 दिनांक–27.06.2025 एवं राज काज रेफरेंस नम्बर–16249520 दिनांक–01.07.2025

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत निवेदन है कि वर्तमान में संभाग मुख्यालय उदयपुर पर अल्पसंख्यक मामलात विभाग राज0 जयपुर के अधीन राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, सविना उदयपुर संचालन किया जा रहा है। उक्त क्रम में निदेशालय अल्पसंख्यक मामलात विभाग, राज0 जयपुर के राज काज रेफरेंस नम्बर– 16131757 दिनांक–27.06.2025 के तहत निदेशालय अल्पसंख्यक मामलात विभाग, राज0 जयपुर द्वारा राज्य स्तर पर विज्ञप्ति जारी कर शैक्षणिक सत्र 2025–26 की अवधि में संचालित किए जाने वाले छात्रावासों में प्रवेश हेतु अल्पसंख्यक विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किये गये है तथा उक्त विज्ञप्ति में प्रवेश हेतु आवेदन किये जाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई 2025 निर्धारित की गई है एवं राज काज रेफरेंस नम्बर– 16249520 दिनांक 01.07.2025 के तहत सत्र 2025–26 की अवधि में संचालित किये जाने वाले राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, उदयपुर का संचालन छात्रावास की पूर्ण क्षमतानुसार किये जाने के संबंध में निर्देश प्रदान किये गये है।

उक्तानुसार राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, सविना, उदयपुर में कक्षा 9 से उच्च कक्षाओं / पाठ्यक्रमों / कोचिंग संस्थाओं (विद्यालय / महाविद्यालय / शिक्षण संस्थाएं / व्यावसायिक संस्थाएं आदि) में अध्ययनरत अल्पसंख्यक छात्राओं (मुस्लिम, सिख, ईसाई, जैन, बौद्ध, पारसी) से शैक्षणिक सत्र 2025–26 की अवधि में प्रवेश के लिए आवेदन मांगे गए है। छात्रावास में आवास, भोजन इत्यादि सुविधाएँ नियमानुसार निःशुल्क उपलब्ध रहेगी एवं अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास में प्रवेश हेतु परिवार की वार्षिक आय 8 लाख रुपये तथा जिनके माता–पिता राज्य सरकार के कर्मचारी, जो लेवल–11 तक का वेतन प्राप्त कर रहे है पात्र होंगे। छात्रावास में जिला मुख्यालय उदयपुर से बाहर की छात्राओं को ही प्रवेश दिया जाएगा। आवेदन–प्रपत्र, आवश्यक दस्तावेजों संबंधी विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाइट https:minority.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध है। इच्छुक छात्राओं द्वारा आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज के 15 जुलाई, 2025 तक कार्यालय जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी कमरा संख्या 401, नई बिल्डिंग कलेक्ट्रेट उदयपुर में व्यक्तिशः अथवा ई–मेल आईडी udpr.mino@gmail.com पर भी प्रेषित किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नम्बर 0294–2411424 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

उक्त संबंध में निवेदन है कि विद्यार्थी हित में राजकीय अल्पसंख्यक बालिका छात्रावास, सविना उदयपुर में सत्र 2025–26 में बालिकाओं के प्रवेश हेतु अधिक से अधिक प्रचार–प्रसार किये जाने का श्रम करावें।

संलग्न – उपरोक्तानुसार।

(खुशबू शर्मा)
जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी
उदयपुर

Signature valid
Digitally signed by Khushbu Sharma
Designation: District Minorities Welfare Officer
Date: 2025.07.08 18:09:52 IST
Reason: Approved

क्रमांक: जि.अ.स.मा.वि. / छात्रावास / प्रकाशन / 2025–26 / 836 दिनांक: 08/07/25
प्रतिलिपि: –
01. श्रीमान् निदेशक महोदय, निदेशालय अल्पसंख्यक मामलात ...

Raj Kaj Ref No.: 16426136

# MOHANLAL SUKHADIA UNIVERSITY: UDAIPUR

No.F.165 /Gen./MLSU/2024/ 3311 Dated: 09.07.2025

Copy to the following for information & necessary action:-

1. The Dean/ Director, DSW/UCSSH/UCCMS/UCoS/UCLaw/FMS/Computer Centre, MLSU, Udaipur.
2. The Director, IET and College of Architecture, MLSU, Udaipur.
3. The Nodal Officer, University Girls, College, Bilota, Rajsamand.
4. The Chairman Faculty of Education/Uni. Sport Board, MLSU,Udaipur.
5. Dr. M.K. Jain, Convener, Minority Cell, Computer Centre, MLSU, Udaipur.
6. Guard File.

Coordinator Internet Centre
to publish on University website.
10/7/2025

REGISTRAR